# भारत में एक माता-पिता होने के नाते, मैं स्कूल बंद होने के समय अपने बच्चे की पढ़ाई को जारी रखने के लिए खान अकेडमी का प्रयोग कैसे कर सकता हूँ?

आदरणीय माता-पिता,

हम जानते हैं कि एक साथ बच्चों को बड़ा करना, घर का काम करना और अपना काम करना बहुत मुश्किल है — और यह सभी भी तब जब स्कूल बंद हों।

हम जानते हैं कि यह सभी के लिए कठिन समय है, स्वास्थ्य और सुरक्षा सबसे पहले आते हैं। कृपया ध्यान दें कि हम यहाँ स्कूल बंद होने के समय आपके बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में मदद करने के लिए हैं। नीचे सबसे ज्यादा पूछे गए प्रश्न दिए गए हैं। और सवाल हैं? आप उन्हे हमारे साथ सहायता कम्यूनिटी में साझा कर सकते हैं या हमारी सपोर्ट टीम से बात कर सकते हैं।

## मैं स्कूल बंद होने के समय अपने बच्चे के लिए दिनचर्या किस प्रकार बना सकता हूँ?

चीजों को आसान रखें और प्रत्येक दिन 2-3 घंटे पढ़ाई का लक्ष्य रखें। आप शुरुआत अपने बच्चे को एक घंटा पढ़ने और फिर एक घटना गणित का अभ्यास कराने से कर सकते हैं (और यह समय जरूरी नहीं है की पूरा एक बार में हो)। अगर आपका बच्चा विज्ञान और सामाजिक अध्ययन जोड़ सकता है तो बहुत अच्छा होगा।

काफी विद्यार्थी सुबह अच्छा महसूस करते हैं, इसलिए यह पढ़ने के लिए और गणित के सवाल करने के लिए सबसे सही समय होगा। बीच में खेलने और व्यायाम के लिए समय भी निकालें।

## मैं कैसे पता करूँगा की मुझे क्या कंटेन्ट पढ़ाना है (अगर स्कूल से कोई निर्देश नहीं मिलते हैं)?

अपने बच्चे के गृहकार्य को देखें और किताबों को देखें और उन्हे पूछे की उन्हे अभी कक्षा में क्या विषय पढ़ाया जा रहा है।

अपने बच्चे से बात करें और समझे की उसे अभी तक पढ़ाए गए विषय कितने अच्छे से समय आते हैं।  आप निर्णय ले सकते हैं कि अभी पहले पढ़ाए गए विषयों को फिरसे पढ़ना है या फिर नए पाठ पढ़ाना है। ख़ान अकेडमी पर आपका बच्चा किसी एक विषय पर काम करना शुरू कर सकते है और उसके बाद के विषय अपने आप सुझाव में आ जाएँगे।

## अगर मैं अपने बच्चे के लिए ट्यूटर के रूप में नहीं रह सकता हूँ तो क्या होगा?

बच्चे जब ख़ान अकेडमी का प्रयोग अभ्यास के लिए करते हैं तो उन्हे तुरंत फीडबैक मिलता है। अगर विद्यार्थी गलत जवाब देता है तो उसे संकेत दिए जाएँगे, उदाहरण समस्याएँ होंगी जो चरणबद्ध तरीके से हल की गई होंगी और संबंधित निर्देशात्मक वीडियो भी होंगें।

अगर आपका बच्चा छोटा है तो आप केवल एक चीज कर सकते हैं वह है की सोने से पहले अपने बचे के साथ 15-30 मिनट पढ़ लें।

## मैं अपने बच्चे की सीखने में कैसे मदद कर सकता हूँ अगर मुझे उस विषय के बारे में जानकारी नहीं है?

अगर आपको विषय के बारे में नहीं पता है तो चलता है। यह प्रेरणास्रोत बनने का और उत्सुक होकर सीखना का सबसे सही समय है। आप शायद कह सकते हैं, “मुझे खुद सभी उत्तर नहीं पता है, चलिए इसे सीखने के तरीके देखते हैं।” ख़ान अकेडमी में आप हमारे सर्च बार

का प्रयोग करके किसी विषय के बारे में खोज सकते हैं जिसे आप सीखना चाहते हैं, उदाहरण के लिए “सर्वांगसम कोण”।

अगर आपको और आपके बच्चे को थोड़ी कठिनाई हो रही है तो ध्यान रहे की यह आम बात है! सीखना  “उत्पादक संघर्ष” की प्रक्रिया है।

## मैं घर से काम करते हुए अपने बच्चे की पढ़ाई को कैसे संभाल सकता हूँ?

कुछ समय अलग निकाल लें जब आप अपने बच्चे के साथ 1x1 समय दे सकेंगे। यह समय साथ पढ़ने का हो सकता है, दिन में लेने वाले ब्रेक या फिर खाने के समय। अगर आपको पता होगा की आपने “साथ वाला समय” निर्धारित किया है तो आप बाकी समय को भी निर्धारित कर सकेंगे (अगर हो सकता है)।

मगर वे बच्चे हैं, सही कहा? माता-पिता होने के नाते हम जानते है कि बच्चे मतलब बाधित होना। बाधित होने से बचने को लेकर स्पष्ट रहें। कुछ तरकीबें ऐसी हो सकती है, दरवाजे पर दस्तक दें, अगर मैं फोन पर बात कर रहा हूँ तो मेरा हाथ पकड़ कर बीस तक गिनती करें।

क्या हमने आपको बताया हम चेक्लिस्ट के फैन हैं? बढ़े बच्चे चेक्लिस्ट से स्व निर्देशित हो जाते हैं। जब बच्चा आपके पास आता है और बोलत है “मैं बोर हो गया हूँ, मझे नहीं पता क्या करना है,” तो आप उन्हे लिस्ट बता दे ताकि वो अपना समय निर्धारित कर लें।

एक बार फिर माता-पिता के जैसे बोल रहे हैं, उम्मीद के मुताबिक तनाव बढ़ेगा। चिढ़ जाना और गुस्सा करना आसान है। हम सब ऐसा कर चुके हैं। इस समय को आप फिर से सीखने का समय मान सकते हैं, माफी कैसे माँगते हैं इसके लिए आदर्श बने। एक सुझाव : “मुझे माफ कर दें मैं चिल्लाया था। मैं तनाव में था और मुझे महसूस हुआ

मुझे थोड़ी देर टहलने के लिए निकाल जाना चाहिए। क्या हम दोनों फिरसे शुरुआत कर सकते हैं?”

अंत में, खुद पर महरबान रहें। निपुण माता-पिता बनने का कोई तरीका नहीं है, मगर अच्छे माता-पिता बनने के हजार तरीके हैं।

**हम और कैसे मदद कर सकते हैं?**

हम काफी मेहनत कर रहे हैं यह समझने के लिए स्कूल बंद होने के समय माता-पिता और बच्चों को पढ़ाई जारे रखने में किन चीजों में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। कृपया आपके दिमाग में क्या सवाल हैं हमें यहाँ बताएँ। कुछ दिनों और हफ्तों में वापस आकार देखें हम हमारे संसाधन लगातार नवनीत कर रहे हैं।

निष्ठा से,

ख़ान अकेडमी टीम